**अव्यवस्था** | कई बार मरम्मत के बावजूद 24 घंटे भी नहीं चलता सिस्टम, नल खोलने पर पानी की जगह निकलती है हवा

# महाप्रबंधक कार्यालय का वॉटर फिल्टर बना शोपीस




**नवभारत,धनपुरी ।** सोहागपुर क्षेत्र मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक कार्यालय के नीचे लगाया गया वाटर फिल्टर इन दिनों अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है। कर्मचारियों और आगंतुकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए इस फिल्टर की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि यह केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गया है।

हालात यह हैं कि फिल्टर के नल खोले जाने पर पानी की जगह हवा निकलती है। कई बार इसकी मरम्मत कराई गई, लेकिन हर बार समस्या कुछ घंटों या एक-दो दिन के भीतर फिर सामने आ जाती है। बताया जाता है कि इस संबंध में महाप्रबंधक द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की जा चुकी है तथा व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका। गर्मी के पूरे मौसम में कर्मचारियों और आम लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा, लेकिन विभागीय स्तर पर समस्या के निराकरण के लिए कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दी। मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति किए जाने के आरोप भी लग रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब क्षेत्र के सर्वोच्च कार्यालय परिसर में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का यह हाल है, तो अन्य स्थानों की व्यवस्थाओं की स्थिति कैसी होगी। एक छोटी-सी तकनीकी समस्या का समाधान महीनों तक नहीं होना कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है।

### गंभीर सवाल

आखिर बार-बार खराब हो रहे वाटर फिल्टर की वास्तविक तकनीकी समस्या क्या है। महाप्रबंधक के निर्देशों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी स्थायी समाधान क्यों नहीं कर पाए। मरम्मत पर खर्च होने वाली राशि का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है।

> **क्या संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है**
>
> जब मुख्यालय कार्यालय में ही पेयजल सुविधा सुचारु नहीं है, तो क्षेत्र की अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी कितनी प्रभावी होगी। क्या यह केवल औपचारिकता निभाने और रिकॉर्ड में व्यवस्था दिखाने तक सीमित मामला बनकर रह गया है।



# नगर का हृदय स्थल आजाद चौक बना गैराज चौक

**दुर्घटना की आशंका**

**नवभारत, धनपुरी।** इन दिनों धनपुरी नगरी में वाहन बेरोकटोक कहीं भी खड़े होते दिखाई दे रहे हैं नगर के सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक आजाद चौक जिसे संपूर्ण नगर का हृदय स्थल होने का गौरव प्राप्त है वह स्थानीय पुलिस की लापरवाही से गैराज चौक बनकर उभरा है आए दिन लगभग हर रोज शाम और रात के समय में आजाद चौक पर वाहन मालिन अपने चार चकिया वाहनों को बेतरजीह और बेरोकटोक कहीं पर भी खड़ा कर देते है कभी सबसे सुंदर और व्यवस्थित चौक कहलाने का गौरव रखने वाला आजाद चौक धनपुरी आज गैराज चौक बनकर रह गया है लगातार वाहनों का प्रवेश सबसे व्यस्ततम चौक होने की वजह से वाहनों का बेरोकटोक उस आजाद चौक पर खड़ा होना जहां शाम से लेकर रात तक पुलिस कर्मियों की मौजूदगी रहती है समझ से परे हैं और स्थानीय पुलिस प्रशासन की यह उदासीनता किसी रोज बड़े हादसे का सबब बनकर सामने आ सकती है

> **आवागमन में हो रही राहगीरों को परेशानी**
>
> आजाद चौक धनपुरी में आए दिन इन्ही वाहनों के बेरोकटोक खड़े होने की वजह से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है और जाम की स्थिति लगातार निर्मित होती है जिससे दुर्घटना की भी प्रबल संभावना बन जाती है रेत गिट्टी ईंट का अवैध परिवहन करने वाले भी बड़ी ही दिलेरी से पुलिस की मौजूदगी में इसी रूट से अपने ट्रैक्टर और मेटाडोर को निकालने में जरा भी नहीं हिचकिचाते और तो और बीच चौराहे में अवैध रेत और ईंट गिट्टी से भरी डग्गिया रेत गिट्टी और ईंट को अनलोड करती है मजाल है पुलिस कभी दस्तावेज चेक करके उनका सत्यापन करे आए दिन धनपुरी नगर में रेत से भरी डग्गियां रात बारह बजे के बाद और सुबह 9 बजे से लेकर रात 8 बजे तक फुल रफ्तार में आती जाती है और हास्यास्पद बात यह है की अवैध परिवहन करने वाली प्राकृतिक संसाधनों से लदी गाड़ियों में नंबर प्लेट तक नही होती लेकिन कुंभकर्णीय निद्रा में सोई हुई धनपुरी पुलिस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता चूंकि माफियाओं से कुछ सिपाहियों की तगड़ी सांठगांठ है जिसका प्रकाशन अगले अंक में किया जाएगा लेकिन फिलहाल धनपुरी पुलिस के द्वारा लगातार अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों में हिला हवेली और असंवेदनशीलता दिखाना किसी दिन किसी मासूम की बलि जरूर लेगा तब जाकर धनपुरी की तथाकथित पुलिस जागेगी और यातायात प्रबंधन के उपाय करेगी।



# यात्री वाहनों की फिटनेस जांच हेतु चलाएं अभियान : कलेक्टर

**जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित**

**नवभारत,शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में संचालित वाहनो की फिटनेस जांच हेतु अभियान चलाएं । बैठक में बताया गया कि राहगीर योजना के तहत अभी तक 4 प्रकरण तैयार किये गए है। कलेक्टर ने बैठक में ब्लैक स्पॉट का चिन्हाकन एवं परिशोधन, दुपहिया वाहनो की गति सीमा, शहडोल जिले के अंतर्गत अत्याधिक यातायात घनत्व वाले स्थानो पर वाहनो की टकराव एवं दुर्घटनाओ से बचाव की व्यवस्था, राहगीर योजना, प्रधानमंत्री राहत योजना-2.0, ई-चालान, हेलमेट की उपयोगिता, शहडोल नगर पालिका वाहनो की पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य बिदुंओ पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिषा निर्देष संबंधित अधिकारियो को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जिला परिवहन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

# हर नया अधिकारी कचरा प्रबंधन केंद्र का करता है निरीक्षण

**फिर भी व्यवस्था बेहाल, जमीनी हकीकत पर सवाल**



**नवभारत, शहडोल।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर लगातार दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति इन दावों पर प्रश्नचिह्न खड़े कर रही है। इसी बीच मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर ने जमुआ स्थित कचरा प्रसंस्करण केंद्र, कोटमा स्थित एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर तथा निर्माणाधीन नवीन कचरा प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ को कचरे के संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं निस्तारण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश देने पड़े, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्थाओं में अभी भी कई कमियां बनी हुई हैं। यदि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो रहे होते तो बार-बार निर्देश जारी करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

नगरवासियों के अनुसार शहर में कई स्थानों पर कचरा संग्रहण व्यवस्था अब भी संतोषजनक नहीं है। कचरे के समय पर उठाव, पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण को लेकर नागरिकों की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। वहीं, कचरा प्रसंस्करण केंद्रों में साफ-सफाई और संचालन व्यवस्था को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने परिसर में वाहनों के सुचारु आवागमन, बेहतर साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन गतिविधियों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। इससे यह भी संकेत मिलता है कि इन व्यवस्थाओं में सुधार की अभी काफी गुंजाइश बनी हुई है।

निर्माणाधीन नवीन कचरा प्रसंस्करण केंद्र को लेकर भी संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का पालन करते हुए कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजनाओं में देरी के कारण ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है। नगरवासियों का मानना है कि केवल निरीक्षण और निर्देशों से व्यवस्था नहीं सुधरेगी, बल्कि कचरा प्रबंधन केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग, जवाबदेही तय करने और स्वच्छता व्यवस्था को धरातल पर प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। फिलहाल निरीक्षण के बाद भी यह बड़ा सवाल बना हुआ है कि शहर को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के दावों का वास्तविक लाभ आम नागरिकों तक कब पहुंचेगा।

# पत्रकार कल्याण परिषद की संभागीय बैठक में संगठन विस्तार और पत्रकार हितों पर मंथन

**डॉ. नरेंद्र तिवारी पुनः बने जिला अध्यक्ष**




**नवभारत,शहडोल।** पत्रकार कल्याण परिषद की संभागीय बैठक रविवार को उच्च विश्राम गृह शहडोल में आयोजित हुई, जिसमें शहडोल, अनूपपुर, उमरिया एवं सतना जिलों के पदाधिकारियों और पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में संगठन विस्तार अभियान-2026, पत्रकारों की सुरक्षा, सामाजिक सम्मान तथा व्यावसायिक हितों के संरक्षण को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बेदांती त्रिपाठी ने बदलते मीडिया परिवेश में पत्रकारों के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए तथ्यपरक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता पर जोर दिया। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा, मीडिया आचार संहिता के पालन और संगठनात्मक एकजुटता की आवश्यकता बताई।बैठक में संगठन को गांव एवं ब्लॉक स्तर तक मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने का रोडमैप तैयार किया गया। इस दौरान नए सदस्य श्रद्धा शर्मा एवं हर्षित द्विवेदी का स्वागत कर संगठन विस्तार का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार विश्वास हलवाई को मध्यप्रदेश शासन से अधिमान्यता प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। वहीं पत्रकार कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष पद पर डॉ. नरेंद्र कुमार तिवारी को पुनः मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई, जिसका उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया।बैठक के बाद परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शहडोल सांसद हिमाद्रि सिंह से सौजन्य मुलाकात कर पत्रकारों के हितों एवं समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने पत्रकारों को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक आश्वासन दिया। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, फेक न्यूज की चुनौती, डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव तथा पत्रकारों के सामाजिक सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भी गंभीर मंथन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से महिला की मौत

**11 घायल, पुलिस ने चालक पर किया मामला दर्ज**



**अनूपपुर, नवभारत।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाडाड़ ओसीएम के पास हुई स्कॉर्पियो दुर्घटना में एक महिला की मौत और 11 लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना पाया गया। रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त मर्ग डायरी एवं जांच के आधार पर रविवार को चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। घटना 22-23 मई की दरमियानी रात की है, जब पुराना डोला एवं आसपास के गांवों की महिलाएं स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी-65-बीबी-0776 से छत्तीसगढ़ के कटरा उषाढ़ गांव में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रही थीं।

### लोगों ने गति कम करने की चालक को दी थी सलाह

पुलिस के अनुसार वाहन चालक अजय पाव उर्फ पटवारी स्कॉर्पियो को तेज गति से चला रहा था। वाहन में सवार लोगों ने कई बार उसे सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी, लेकिन उसने गति कम नहीं की। रात करीब 12.20 बजे आमाडाड़ ओसीएम के सामने वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पलट गया। दुर्घटना में फुलवारी टोला निवासी माया पाव के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें अन्य घायलों के साथ उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# हत्या के आरोपी को 24 घन्टे के अन्दर गिरफ्तार करने में मिली सफलता

**गोहपारू पुलिस की त्वरित कार्यवाही**

**नवभारत, गोहपारू।** 6.जून को थाना गोहपारू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेदरा में एक महिला की हत्या की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना गोहपारू पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। प्रारंभिक जांच में मृतिका की पहचान माया यादव के रूप में हुई, जो अपने घर के कमरे में मृत अवस्था में पाई गई। घटना स्थल पर मृतिका के गर्दन में गंभीर चोट के निशान पाए गए। प्रकरण में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गोहपारू में अपराध धारा 103 (1) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश हेतु विभिन्न संभावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। सघन तलाश के आधार पर आरोपी कामता उर्फ लाला यादव पिता प्रेमलाल यादव, निवासी लेदरा, थाना गोहपारू को दिनांक 07.06.2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई। गिरफ्तारी उपरांत आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी गोहपारू निरी. राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में सउनि, भागचन्द, सउनि. विद्यासागर, प्र.आर. राकेश शुक्ला, आर. अजीतकुमार यादव, आर. राजकुमार, दीपक साहू, मंगल तोमर, संजय बैगा का प्रकरण पर अहम भूमिका रही।

**शिविर** | स्वास्थ्य है तो सुरक्षा है, सुरक्षा है तो समृद्धि है, रामपुर बटुरा खदान में कर्मचारियों और ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

# रामपुर बटुरा ओसीएममें नि :शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर आयोजित



**नवभारत, धनपुरी।** रामपुर बटुरा ओपनकास्ट माइंस (ओसीएम), सोहागपुर क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति प्रेरित करना तथा विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान और बचाव के प्रति जागरूक बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ खान प्रबंधक श्री अर्जुन पी. जोड़े ने स्वयं अपना रक्तचाप , शुगर तथा अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य जांच कराकर किया। उनके इस प्रेरणादायक कदम ने कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नेतृत्व जब स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करता है, तो पूरी टीम उससे प्रेरित होती है। श्री जोड़े ने अपने संबोधन में कहा, 'सुरक्षित और स्वस्थ कर्मचारी ही किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी ताकत होते हैं।

खदान जैसे जोखिमपूर्ण कार्यस्थल पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। इससे बीमारियों की समय रहते पहचान संभव होती है और उनका प्रभावी उपचार किया जा सकता है। खान प्रबंधन कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। शिविर में कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत रक्तचाप, शुगर, टीबी स्क्रीनिंग, ऑक्सीजन स्तर तथा बॉडी मास इंडेक्स की जांच की गई। उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की गई। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में खान सुरक्षा अधिकारी राजेश दुबे, श्री दिलीप त्रिपाठी, स्वप्निल तिरपाठी, श्री नीरज पांडेय, श्री अनिल सिंह, पदमेश तिवारी, श्री जितेंद्र पांडेय, श्री पी.सी. राऊत, इंजीनियर श्री लीलेश डेहरिया, श्री हरि सिंह पनवार, राकेश कुमार गुप्ता, श्री आफताब आलम, श्री अखिलेश्वर मिश्रा (सिकोटरी इंचार्ज), अशरफ अली (फोरमैन), मोहम्मद हारून, रंजीत सिंह, कार्यालय अधीक्षक मनोज अब्राहम, प्रवेश जोगी, एमटीके प्रभारी सुखलाल पटेल, मनोज गर्ग, जय कचेर, आदित्य कुमार सोनी, उमाकांत तिवारी, श्री शशिकांत मिश्रा, बी.के. शुक्ला, रमाशंकर द्विवेदी, गोविंद पाल, कमलेश साकेत, मोहम्मद साहिद, दीवाकर नाथ चौबे, के.पी. गुप्ता, रन्नू पनिका, भारत सिंह, मोहम्मद आलम, उमेश कुमार दाहिया, सुरेश सोनी एवं के.डी. पाण्डेय सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर के सफल संचालन में चिकित्सा दल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में डॉ. सुषमा नागले (चिकित्सक), अंबिका प्रसाद तिवारी (मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट), अंशुमान गड़िया (मेट्रो/नर्सिंग प्रभारी), हरिनारायण कुशवाहा (फार्मासिस्ट), श्री सुजीत जायसवाल (ड्राइवर) तथा राजेंद्र कुमार (सहायक/हेल्पर) शामिल रहे। सभी ने समर्पण और सेवा भावना के साथ शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधन ने कहा कि 'स्वास्थ्य है तो सुरक्षा है, सुरक्षा है तो समृद्धि है' के संकल्प के साथ इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। रामपुर बटुरा ओसीएम द्वारा की गई यह पहल कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य संरक्षण और बेहतर जीवनशैली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।